# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न

## 26 फ़रवरी, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**बी.टी.-5 कपास बीज पर शोध का ब्यौरा**

*61 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या राज्य में सरकार द्वारा बी.टी.-5 कपास बीज पर कोई शोध किया जा रहा है; यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) राज्य में बी.टी.-5 कपास का बीज बाज़ार में कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

**आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना का ब्यौरा**

*62 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्ष 2019 से राज्य में सक्रिय आयुष्मान कार्डों, नए जारी किए कार्डो तथा निरस्त हुए कार्डों की जिला-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) जनवरी, 2024, अक्टूबर, 2024 तथा जनवरी, 2026 के दौरान आयुष्मान भारत-

चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत कवर किए गए उपचारों की संख्या तथा सूची क्या है तथा उक्त अवधि के दौरान किए गए किसी समावेशन या विलोपन का ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य में नवंबर, 2022 से आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के अंतर्गत लिए गए उपचारों की कुल संख्या तथा अस्पतालों को वितरित की गई राशि जिला-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार कितनी है ; तथा

(घ) राज्य में नवंबर, 2022 से अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत दावों, स्वीकृत दावों, निरस्त दावों तथा लम्बित दावों की ज़िला-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है?

----

## स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना

*63 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः –

(क) झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गाँव कलियावास, खानपुर कलां, मुंडसा, खोर्रा, बहु, नोगांवा, साल्हावास, मातनहेल, धाना धानीरवास तथा झज्जर शहर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) उपरोक्त क्षेत्रों में जलघरों एवं जल भंडारण टैंकों की नियमित सफाई एवं रखरखाव, पेयजल पाइपलाइनों में होने वाले रिसाव की रोकथाम एवं सुधार, विशेषकर भू-जल एवं हैंडपंपों में टी.डी.एस. स्तर की निगरानी एवं नियंत्रण तथा पैकेड पेयजल की आपूर्ति के संबंध में सरकार द्वारा सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## नगर पालिका का दर्जा नगर परिषद् के रूप में बढ़ाना

*64 **श्री देवेंन्द्र कादियान (गन्नौर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या गनौर नगर पालिका का दर्जा नगर परिषद के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## पुल का निर्माण करना

*65 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या इंद्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव शेरगढ़ टापू को उत्तर प्रदेश सीमा से जोड़ने के लिए धनौरा एस्केप पर एक पुल के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज तथा बरसाती जल निकासी प्रणाली की मरम्मत करना

*66 **श्रीमती विनेश (जुलाना)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि उचित निकासी की सुविधा न होने के कारण जुलाना-शादीपुर बाजार की मुख्य गली में जलभराव की समस्या बनी रहती है;

(ख) उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(ग) क्या उपरोक्त क्षेत्र में निकासी, सीवरेज या बरसाती जल निकासी प्रणाली के सुधार/मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो परियोजना की अनुमानित लागत क्या है तथा प्रशासनिक या तकनीकी स्वीकृतियों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

## प्रॉपर्टी मालिकों को नुकसान का मुआवजा

*67 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2016-17 में सीवन में शुरू हुई सीवरज परियोजना 9 वर्ष बाद भी अधूरी पड़ी है; यदि हां, तो इस परियोजना में हुई अनियमताओं तथा देरी के लिए सरकार द्वारा कोई जांच शुरू न करने के क्या कारण हैं तथा इनकी जांच कब तक कराए जाने की संभावना है;

ख) क्या सरकार इससे अवगत है कि खोदी गई सड़कों के लंबे समय तक खुला छोड़ने के कारण बहुत सी सड़कें धंस गई है तथा रिहायशी घरों में गंभीर संरचनात्मक दरारें आ गई है तथा क्षतिग्रस्त हो गए हैं; तथा

ग) क्या यह भी तथ्य है कि विभाग के अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया है कि सीवरेज कार्यों का निष्पादन गलत तरीके से होने के कारण सीधे तौर पर निजी संपत्तियों को नुकसान हुआ है; यदि हां, तो प्रभावित नागरिकों को अब तक मुआवजा न दिए जाने के क्या कारण हैं तथा पीड़ित मकान मालिकों को मुआवजा कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

## रेलवे ऊपरि पुल का निर्माण करना

*68 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या रेवाड़ी बाहरी बाई-पास पर रेवाड़ी से दिल्ली तथा रेवाड़ी से पटौदी रेलवे लाइन पर ऊपरि पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## स्वास्थ्य केंद्रों का दर्जा बढ़ाना

*69 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

क) क्या ग्राम बनवासा (ब्लॉक कथुरा) में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी.) का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी.) के रूप में बढ़ाने का कोई भी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## नया एस.डी.ओ. नागरिक कॉम्प्लेक्स खोलना

*70 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक नया एस.डी.ओ. नागरिक कॉम्प्लेक्स खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## परियोजना को पूरा करने के लिए निधियां जारी करना

***71 श्री निर्मल सिंह मोहडा (अंबाला शहर)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) क्या यह तथ्य है कि नवरंग राय तालाब, महावीर पार्क तथा बाल भवन, जो कि अंबाला शहर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा जन-विश्वास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं, के निर्माण कार्य गत पांच वर्षों से अधूरे पड़े है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि इन स्थलों पर किया गया निर्माण कार्य निम्न गुणवत्ता का है तथा मेरे द्वारा इस संबंध में सतर्कता जांच की सिफारिश भी की गई है, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब/कार्रवाई प्राप्त नहीं हुई;

ग) क्या उपरोक्त कार्यों के घटिया निर्माण तथा निष्पादन में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

घ) क्या उपरोक्त तीन लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक निधियां जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो इन परियोजनाओ के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## किसानों को मुआवजा प्रदान करना

***72 श्री बलराम दाँगी (महम)ः**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि जुलाई अगस्त ,2025 के महीनो के दौरान महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव भैणी, सूरजन, सैमाण, भैणी मातो, बहलबा, भैणी महाराजपुर, भैणी भैरों, भैणी चंद्रपाल, बैसी, गिरावड, फरमाना, खैरेंटी, बेडवा, मदीना, बहु-अकबरपुर ,सीसर, अजाईब, भराण मोखरा. महम तथा निंदाना-महम खेड़ी के किसानों की फसलों को अत्यधिक वर्षा तथा जल भराव के कारण भारी नुकसान हुआ है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त गावों में प्रभावित किसानों में से केवल 25% को ही अब तक मुआवजा दिया गया है, जबकि शेष लगभग 75% किसान अब तक किसी वित्तीय राहत से वंचित है;

ग) क्या उपरोक्त शेष किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस तथा प्रभावी पग उठाए गए हैं; तथा

घ) यदि हां, तो शेष प्रभावित किसानों को मुआवजा कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----

## रिहायशी सेक्टरों को विकसित करना

*73 **श्री तेजपाल तँवर ( सोहना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2008 में तावडू में तीन रिहायशी सेक्टरों को विकसित करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 360 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था; यदि हां, तो सरकार द्वारा इन सेक्टरों को अब तक विकसित न किए जाने के क्या कारण हैं; तथा

ख) क्या उपरोक्त सेक्टरों के विकास में शीघ्र कार्रवाई करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इन सेक्टरों को कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

## विश्वविद्यालय की स्थापना करना

*74 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या उच्चत्तर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के नाम से यमुनानगर में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा यह किस स्तर पर लंबित है तथा उसकी स्थापना के लिए आवश्यक अनुमानित भूमि, प्रस्तावित बजट तथा निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

----

## किसानों को मुआवजा प्रदान करना

*75 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गत मानसून सत्र के दौरान जिला चरखी दादरी में समसपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के ओवरफ्लो होने के कारण कालियावास सड़क पर जल भर गया था जिसके कारण फसलों की बिजाई रूक गई थी; तथा

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?

----

## एक कैथ लैब तथा कैंसर संस्थान का निर्माण करना

*76 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल में एक कैथ लैब तथा एक कैंसर संस्थान का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत नए सेक्टर विकसित करना

*77 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या समालखा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत नए सेक्टर विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो कितने सेक्टर विकसित किए जाने प्रस्तावित है तथा स्थान, कुल क्षेत्रफल तथा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सहित विस्तृत ब्यौरा क्या है?

----

## बार एसोसिएशन को भूमि उपलब्ध कराना

*78 **सरदार जरनैल सिंह ( रतिया):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रतिया के बार एसोसिएशन के लिए बार रूम के निर्माण करने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## तालाब की सफाई करना/गाद हटाना

*79 **श्रीमती कृष्णा गहलावत (राई):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या सोनीपत जिले के राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बडमलिक में स्थित 5 एकड़ के तालाब की सफाई करने/गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## पेयजल उपलब्ध कराना तथा एक बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करना

*80 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव पीरांवाली तथा चंदन नगर में जलघरों के निर्माण के माध्यम से पेयजल की व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ख) क्या नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव रावतखेड़ा में बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने, तलवंडी बादशाहपुर के पंप हाउस में पाइपलाइन बिछाने तथा बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने तथा भर्री में जलघर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ग) यदि हां, तो ऊपर-वर्णित कार्यों के कब तक स्वीकृत तथा पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----